# पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप विक्रम तैयार





केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमीकॉन इंडिया-2025 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 32-बिट प्रोसेसर विक्रम और 4 स्वीकृत परियोजनाओं के परीक्षण चिप्स भेंट किए। 32-बिट प्रोसेसर विक्रम ऐतिहासिक उपलब्धि है। मेक इन इंडिया के तहत विकसित यह पहला माइक्रोप्रोसेसर है, जो प्रक्षेपण यानों की कठिन पर्यावरणीय परिस्थितियों में भी उपयोगी है। चिप को इसरो सेमी-कंडक्टर लैब ने विकसित किया है। *एजेंसी*

# देश में बनी छोटी चिप लाएगी बड़ा बदलाव : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के नवाचार और युवा शक्ति में दुनिया को विश्वास

**नई दिल्ली।** मेक इन इंडिया के तहत पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे आत्मनिर्भर भारत मुहिम में बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा, वह दिन दूर नहीं, जब भारत में बनीं सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा बदलाव लाएंगी।

पीएम मोदी ने मंगलवार को दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पीएम मोदी को पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप भेंट की। पीएम मोदी ने कहा, भले ही भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में देर से शुरुआत की हो, लेकिन अब देश को कोई नहीं रोक सकता। इस कार्यक्रम में 40-50 देशों का प्रतिनिधित्व भारत के नवाचार और युवा शक्ति में दुनिया के विश्वास को दर्शाता है।

> 21वीं सदी की असली ताकत सेमीकंडक्टर में निहित है। ये चिप डिजिटल हीरे हैं। आज असली ताकत छोटी-सी चिप में सिमटी है। चिप आकार में भले ही छोटी हो, लेकिन इसमें पूरी दुनिया की प्रगति को गति देने की ताकत है।
>
> **-नरेंद्र मोदी, पीएम**

दुनिया भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। पीएम ने कहा, अब भारत सिर्फ बैक-एंड तक सीमित नहीं है। देश एक पूर्ण-स्टैक सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति अजेय है। ब्यूरो